दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 65 मुरादाबाद 28 June 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## वृंदावन पहुंचे राष्ट्रपति कोविंद, ठाकुर बांके बिहारी का किया दर्शन-पूजन, साथ रहे सीएम योगी



अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान दूसरी बार महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सोमवार को ठाकुर बांके बिहारी की शरण में पहुंचे। नगला रामपाल स्थित कृष्णा कुटीर महिला आश्रय सदन पर बनाए गए हेलीपैड से कार द्वारा परिक्रमा मार्ग स्थित ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के वीआईपी मार्ग पर पहुंचे। यहां से गोल्फ कार्ट गाड़ी में बैठ कर ठाकुर बांके बिहारी मंदिर तक अपनी पत्नी व बेटी के साथ पहुंचे। उनके साथ दूसरी गोल्फ कार्ट गाड़ी में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मंदिर आए। राष्ट्रपति सुबह 10=15 पर ठाकुर बांके बिहारी के दर पर पहुंचे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सहित सभी का मंदिर के मुख्य द्वार पर चैतन्य विहार महिला आश्रय सदन की रमा तिवारी, शिवानी मंडल, पार्वती मिस्त्री, राधा रानी दास और राधा विश्वास ने सदन की अधीक्षिका का प्रियंका सिंह के नेतृत्व में पुष्प मालाएं भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति ने इन्हीं माताओं के साथ ठाकुर जी के दर्शनार्थ मंदिर में प्रवेश किया। जगमोहन में सजाए गए भव्य फूल बंगले में विराजमान ठाकुर बांके बिहारी के समक्ष माथा टेकते हुए उन्होनें देश में सुख- शान्ति की कामना की। इस दौरान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पूर्ण भक्तिभाव में दिखे। बांके बिहारी के समक्ष वीआईपी कटघरे से लकड़ी की चौकी पर खड़े होकर दर्शन करते हुए वह अपलक ठाकुर बांके बिहारी को निहारते रहे। मंदिर के सेवायत आचार्य बालकृष्ण गोस्वामी और अभिषेक गोस्वामी ने वैदिक मंत्र उच्चारण के मध्य उन्हें पूजन अर्चन कराया। वहीं आदित्य गोस्वामी व ज्ञानेंद्र किशोर गोस्वामी ने मंदिर आगमन पर पटुका- चुनरी ओढ़ाकर व मोतियों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। गुंजन गोस्वामी व शैलेंद्र गोस्वामी ने उन्हें ठाकुर बांके बिहारी महाराज की प्रसादी डलिया भेंट की। प्रणब गोस्वामी ने उन्हें ठाकुर बांके बिहारी की महिमा से अवगत कराया।

### ठाकुरजी के दर्शन किए बिना लौट गए सैकड़ों श्रद्धालु

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के वृंदावन आगमन के दौरान ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के दर्शन और पूजन अर्चन कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में प्रवेश बंद कर दिया गया ।जिसके चलते सैकड़ों श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा । मंदिर के मुख्य मार्गों पर सहित प्रमुख गलियों पर जगह-जगह लगाई गई बैरिकेडिंग पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं को मंदिर जाने से रोक दिया गया। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में सुबह 9 बजे ही प्रशासन द्वारा आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। जिसकी वजह से सैकड़ों श्रद्धालु ठाकुरजी के दर्शन किए बिना ही अपने गंतव्य को वापस लौट गए। वहीं सैकड़ों श्रद्धालु ठाकुरजी के दर्शनों की आस में घंटों मंदिर के पहुंच मार्गों पर इंतजार करते भी दिखाई दिए। राष्ट्रपति के आगमन से ही सवा घंटा पूर्व रोके गए श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश राष्ट्रपति के जाने के बाद ही दोपहर 10=45 बजे के बाद ही मिल सका ।

## यूपी में 100 फीसदी टीकाकरण का लक्ष्य पूरा, अब बच्चों के वैक्सीनेशन पर जोर: ब्रजेश पाठक



देशभर में एक बार फिर कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। वहीं, सरकारें लगातार इस कोशिश में लगी हुई हैं कि कोई भी टीकाकरण के बिना न रह जाए। इसी बीच यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश में टीकाकरण के लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि यूपी में वयस्कों के कोरोना टीकाकरण का काम 100 फीसदी पूरा हो गया है। जो कि एक बड़ी उपलब्धि है।सोमवार को डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार काम हुआ हैय़ प्रदेश में शत-प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है और अब हम तेजी से बच्चों का टीकाकरण कर रहे हैं। आपको बता दें कि देश में वैक्सीनेशन के मामले में उत्तर प्रदेश पहले नंबर पर है। यहां 16 करोड़ लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाई जा चुकी है। वहीं 35,22,576 लोगों को प्रिकॉशन डोज भी दी जा चुकी है। प्रदेश में अब 12-17 साल के बच्चों को भी वैक्सीन की डोज तेजी से लगाई जा रही है।इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में एक बार फिर कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है जिसे लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश जारी कर दिए हैं। रविवार को प्रदेश में 574 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। बीते 24 घंटे में 525 कोविड मरीज ठीक भी हुए हैं। अब प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या 3653 हो गई है।

### यूपी की कानून व्यवस्था काफी बेहतर

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आगे कहा कि यूपी की कानून व्यवस्था काफी बेहतर है। इस वजह से उद्योग और व्यापार को सहारा मिला है। गोमती नगर में एमएसएमई सम्मेलन को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि अब सिंगल विंडो सिस्टम लागू होने से उद्यमियों को काफी मदद मिली है।

## यशवंत सिन्हा ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए किया नामांकन, राहुल गांधी और शरद पवार थे साथ



विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने नामांकन कर दिया है। इसे मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और एनसीपी के लीडर शरद पवार समेत कई विपक्षी नेता उनके साथ मौजूद थे। यही नहीं समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, सीपीएम के महासचिव सीताराम येचुरी और टीएमसी के सुधींद्र कुलकर्णी समेत कई अन्य विपक्षी नेता मौजूद थे। कांग्रेस के राज्यसभा में नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भी इस मौके पर थे, जो राहुल गांधी के बगल में बैठे नजर आए।इसके अलावा आज सुबह ही यशवंत सिन्हा की उम्मीदवारी को समर्थन करने वाली तेलंगाना की सत्ताधारी पार्टी टीआरएस के नेता भी पहुंचे थे। जम्मू कश्मीर से फारूक अब्दुल्ला भी इस मौके पर समर्थन जाहिर करने पहुंचे थे। यशवंत सिन्हा सत्ताधारी एनडीए गठबंधन की ओर से उतारी गईं द्रौपदी मुर्मू को चुनौती देंगे। हालांकि द्रौपदी मुर्मू की जीत काफी हद तक तय मानी जा रही है। इसकी वजह यह है कि एनडीए बहुमत के आंकड़े से थोड़ी ही दूर है, जबकि वाईएसआर कांग्रेस, बीजू जनता दल जैसी पार्टियों ने उनके समर्थन का ऐलान किया है। ऐसे में मुर्मू की जीत तय मानी जा रही है।

### सीपीएम की बंगाल यूनिट ने यशवंत के नाम पर जताई थी आपत्ति

बता दें कि विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति उम्मीदवार को लेकर कई राउंड मंथन चला था और उसके बाद यशवंत सिन्हा के नाम पर मुहर लगी थी। हालांकि उन्हें लेकर मतभेद भी देखने को मिल रहे हैं और सीपीएम की बंगाल यूनिट ने उनके नाम का यह कहते हुए विरोध किया है कि वह भाजपा से जुड़े रहे हैं। उनके नाम पर फैसले से पहले विपक्षी दलों और ममता बनर्जी ने शरद पवार से उम्मीदवार बनने का आग्रह किया था, लेकिन उन्होंने इसे खारिज कर दिया था। उनके अलावा महात्मा गांधी के पौत्र ने भी इससे इनकार किया था। इसके चलते अंत में यशवंत सिन्हा के नाम पर ही सहमति बनी थी।

### नामांकन के मौके पर विपक्ष ने दिखाई एकजुटता

टीआरएस के नेता की मौजूदगी विपक्षी खेमे के लिहाज से महत्वपूर्ण है, हालांकि कांग्रेस की सहयोगी झारखंड मुक्ति मोर्चा सिन्हा के नामांकन से दूर रही। माना जा रहा है कि झामुमो ने अभी यह फैसला नहीं किया है कि विपक्ष के उम्मीदवार और राजग के उम्मीदवार में से किसका समर्थन करना है। नामांकन दाखिल करने के बाद सिन्हा ने संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी और भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राजग सरकार में वित्त और विदेश मंत्री जैसे अहम पदों पर रह चुके सिन्हा आगामी 28 जून को तमिलनाडु से अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज कर सकते हैं। इस अभियान के पहले चरण में ही वह कर्नाटक एवं केरल का भी दौरा कर सकते हैं।

# पंडित सुशील पाठक ने आमरण अनशन स्थगित किया

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- अधिकारियों के आश्वासन देने के बाद पंडित सुशील कुमार पाठक साईं मंदिर बरेली ने आमरण अनशन पर बैठे उनका कहना है जब तक मौलाना तौकीर रजा साहब के विरूद्ध एफ आई आर दर्ज नहीं होगी अनशन को स्थगित नहीं करेंगे मौके की बारीकी को देखते हुए अधिकारियों के आश्वासन देने के बाद पंडित सुशील पाठक अपने अनशन को स्थगित करने का निर्णय लिया मामला इस्लामिया ग्राउंड बरेली जहां मौलाना तौकीर रजा खान द्वारा प्रधानमंत्री के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जिससे पंडित सुशील कुमार के हृदय को पीड़ा हुई देश के प्रधानमंत्री के लिए शब्दों का प्रयोग किया वह दुख का विषय है पंडित



सुशील पाठक ने यह भी कहा अगर किसी ने आप के धर्म के विरुद्ध गलत शब्द या आपके धर्म को ठेस पहुंचाई तो उस पर कानूनी कार्रवाई की गई जिस प्रकार मौलाना ने यूएनओ जाने की बात की इससे यह सिद्ध होता है के यहां के संविधान और कानून पर मौलाना को भरोसा नहीं है क्या आजम खान साहब के खिलाफ कितने कानूनी मामले दर्ज थे आजम खान को न्यायपालिका द्वारा इंसाफ मिला मौलाना तौकीर रजा के द्वारा प्रधानमंत्री के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जिस से आहत होकर पंडित सुशील कुमार पाठक आज आमरण अनशन पर बैठे थे

# टेंपो,व शिफ्ट गाड़ी कीआमने-सामने की भिड़ंत में छ,एक ही परिवार के,लोग हुए घायल



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ -कोडियागंज रिश्तेदारी में गमी में से वापस लौट रहे तभी वीनेर के निकट जैसे ही गाड़ी आई तभी अलीगढ़ की तरफ से आ रही शिफ्ट गाड़ी आमने-सामने की भिड़ंत में एक ही परिवार के छ लोग हुए घायल वही एक दरोगा जी भी हुए घायल सूचना पर मौके पर पहुंचे हवाई पट्टी चौकी इंचार्ज योगेंद्र राणा ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया जहां दो की हालत सीरियस बताई जा रही है, दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया है पुलिस जुटी जांच में जिन का इलाज पूर्ण संतोषजनक किया जा रहा है न्यू आराध्या हॉस्पिटल में

# अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दिवस के अवसर पर संगोष्ठी, रैली व प्रदर्शनी आदि का आयोजन

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थो का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर मद्य निषेध विभाग व संकल्प सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से संगोष्ठी व रैली, प्रदर्शनी आदि का



आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला मद्यनिषेध अधिकारी श्री मनोज कुमार ने विगत दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा है कि एल्कोहल व मादक द्रव्य, चरस, इंजेक्शन का प्रभाव हमारे समाज की युवा पीढ़ी को अपने ग्रफ्त में ले रहा है जो सामाजिक रूप से पतन का मुख्य कारण है साथ ही उन्होंने पश्चिमी सभ्यता का भी जिक्र कर हो रहे नशे के शिकार लोगों से बचने व माता-पिता को बच्चों की निगरानी करने के लिये भी कहा और लोगों से नशा न करने की अपील की। इसी क्रम में कार्यक्रम के संयोजक श्री प्रेम सिंह चौहान ने सभी से अपने आस पास लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि नशा हमारे समाज में घुन का काम कर रहा है। जिससे लोग अधिक संख्या में नशे के शिकार हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में निदेशक संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र श्री प्रेम सिंह चौहान व अजय आर्या, विजय कुमार, नरेन्द्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## 65 लीटर कच्ची शराब बरामद



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम मे आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 अब्दुल कैस द्वारा कोतवाली भिनगा अंतर्गत उल्लहवा जंगल से झाड़ियों में छुपाकर रखी 65 लीटर कच्ची शराब बरामद कर तथा 40 प्लास्टिक के डब्बों में 400 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट कर आबकारी अधिनियम के तहत 05 अभियोग दर्ज कर कार्यवाही की गयी।उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने दी है।

# कृषक सोलर पम्प की ऑनलाइन कराएं बुकिंग

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर उपनिदेशक कृषि कमल कटियार ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0कुसुम) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-2023 में कुल 58 सोलर पम्प स्थापित किये जायेगे। सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग 02 जुलाई, 2022 को सुबह 11.00 बजे से लक्ष्य पूर्ण होने तक की जा सकती है।उन्होने बताया कि इसके लिए पात्रता हेतु 2 एच0पी0 4 इंच, 3 व 5 एच0पी0 हेतु 6 इंच एवं 7.5 व 10 एच0पी0 हेतु 8 इंच की बोरिंग कृषक के पास होना अनिवार्य है, लाभार्थी कृषक के पास पूर्व से सिंचाई हेतु कोई विद्युत कनेक्शन न हो, 2 एच0पी0 सबमर्सिबल सोलर पम्प हेतु 50 फिट एवं 3 एच0पी0 सोलर पम्प हेतु जल स्तर 150 फिट, 5 एच0पी0 के लिए 200 फिट, 7.5 व 10 एच0पी0 हेतु 300 फिट तक जल स्तर वाले क्षेत्र के कृषक योजना हेतु पात्र होंगे, सोलर पम्प प्राप्त करने हेतु पंजीकृत कृषक विभागीय बेवसाइट www.upagriculture.com पर जाकर जनपद को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष 200 प्रतिशत तक टोकन जनरेट कर सकेगें। पंजीकृत कृषक का चयन फ्रपहले आओ पहले पाओफ्र के आधार पर किया जायेगा, चयनित कृषक अपने जनपद में इण्डियन बैंक के किसी भी शाखा में कृषक अंश की धनराशि टोकन जनरेट होने के दिनांक से 7 दिन के अन्दर कृषक अंश की धनराशि जमा करेंगे, अन्यथा की स्थिति में उसका टोकन चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा। उन्होने यह भी बताया कि कृषक अंश जमा करने हेतु इण्डियन बैंक, कृषि निदेशालय, लखनऊ, बैंक खाता संख्या- 7 1 3 7 0 6 9 4 4 5 , आई0एफ0एस0सी0 कोड-IDIB000530, खाता धारक का नाम-नोडल अधिकारी (पी0एम0-कुसुम) एवं वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (प्रसार) पर जमा किया जा सकता है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा संभव अभियान कार्यक्रम के तहत 'सघन वजन अभियान' का शुभारम्भ



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- बच्चों को कुपोषण की काली छाया से बचाने और उनको स्वस्थ बनाए जाने को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है।जिसके क्रम में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरकार द्वारा 01 जुलाई, 2022 से संभव अभियान शुरू किया जायेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान, स्वास्थ्य जांच, संदर्भन एवं पोषण प्रबंधन करना हैं। अभियान के सफल सघन वजन अभियान चलाया गया।जिसका शुभारंभ माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरी कला के आंगनबाड़ी केंद्र पर फीता काटकर किया। अभियान की जानकारी देते हुए मा0 अध्यक्ष ने बताया है कि यह अभियान जुलाई से दिसंबर तक चलाया जायेगा। जिसमें प्रत्येक माह अलग अलग गतिविधियो का आयोजन किया जायेगा। जिससे निश्चित ही कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा।इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नन्द लाल प्रसाद, मुख्य सेविका मुन्नी देवी, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता अनुराधा के अतिरिक्त विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# कमिश्नर की अध्यक्षता में मण्डलीय विकास कार्यो की समीक्षा बैठक संपन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -आयुक्त मुरादाबाद मण्डल श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने आज कमिश्नरी सभागार में मण्डलीय विकास कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को शासकीय प्राथमिकताओं एवं प्रतिबद्धताओं की पूर्ति हेतु आम जन की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता का दृष्टिकोण अपनाते हुए मेहनत, लगन एवं निष्ठा से शासकीय विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का जनोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मण्डलीय अधिकारियों को विकास कार्यो के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर अर्न्तविभागीय समन्वय एवं सामन्जस्य की कार्यपद्धति अपनाने तथा जिलों में व्यापक क्षेत्रीय भ्रमण कर विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन करके विकास कार्यो में अपेक्षित गतिशीलता एवं समयबद्धता से सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने विकास कार्यो में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ा रुप अपनाते हुए विकास कार्यो की बैठक से बिना बताये अनुपस्थित रहने पर श्रीमती अंजना सिरोही उप निदेशक अल्प संख्यक कल्याण, श्री राजीव कुमार अधीक्षण अभियन्ता जलनिगम तथा श्री पंकज कुमार मुख्य अभियन्ता विद्युत का स्पष्टीकरण तलब किया गया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियो को ठीक प्रकार से दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये हैं। मण्डलायुक्त ने सिचाई विभाग को बाढ की सभी तैयारी समय से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर मे बाढ का प्रकोप अधिक रहता है। उन्होंने कहा कि रामगंगा एवं गांगन के किनारे जहां अवैध निर्माण है उन्हे चिन्हित कर नोटिस जारी करे, यदि कहीं नदी के किनारे नया निर्माण होता पाया गया तो सिचाई विभाग जिम्मेदार होगा। मण्डलायुक्त ने अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि को निर्देशित किया कि सडको पर गड्ढे न रहे यदि कही पर गड्ढे है तो समय से दुरस्त कर ले। मण्डलायुक्त ने प्रबन्धक सेतु निगम को निर्देशित किया कि मण्डल मे जहां भी रेलवे ओवर ब्रिज (आर0ओ0बी0) का कार्य चल रहा है समय से एवं गुणवत्तापूर्ण किया जाना सुनिश्चित करे। मण्डलायुक्त ने किसान सम्मान निधि मे अवशेष डाटा का बैंक खाता से डिटेल लेकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये है। मण्डलायुक्त ने गौ संरक्षण केन्द्रो मे पशुओ हेतु बेहतर व्यवस्थायें दुरूस्त करने के निर्देश दिये है ताकि बरसात मे पशुओ को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पशु ईयर टेगिंग मे सम्भल एवं मुरादाबाद पीछे होने पर मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति करने के निर्देश दिये है। हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर हेतु फन्ड उपलब्ध होते हुए भी ठीक प्रकार से क्रियाशील न होने एवं मानकानुसार व्यवस्था नही होने पर आयुक्त ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए ए0डी0 हेल्थ को सभी सेन्टरो मे मानकानुसार व्यवस्थाये दुरस्त करने के निर्देश दिये हैं। आशा रजिस्ट्रेशन मे डाटा एन्ट्री आपरेटर द्वारा लापरवाही बरतने पर आयुक्त ने कल तक आशा रजिस्ट्रेशन का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दियें उन्होने समय से कार्य पूर्ण नही करने तथा लापरवाही बरतने वाले डाटा एन्ट्री आपरेटर को बाहर करने के निर्देश दिये। उन्होंने एडी हेल्थ को स्वास्थ्य योजनाओं की नियमित समीक्षा करते रहने के निर्देश दिये। ई कबच डाटा एंट्री में अमरोहा की प्रगति खराब होने पर ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने कहा कि ऐसे अन्त्येष्टि स्थल जो बनें है तथा संचालित नही होने तथा शासनादेश के मानकानुसार नही है जिलाधिकारी जांचकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायतो मे जितने कार्यो मे अनियमितता है उसकी जिम्मेदारी जिला पंचायतराज अधिकारी पर है डीपीआरओ उच्च अधिकारियो पर जिम्मेदारी न डाले। रिवालविंग फन्ड मे बिजनौर को छोडकर अन्य जनपदो की स्थिति खराब होने पर आयुक्त ने उक्त जनपदो को ठीक प्रकार से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि अमृत सरोवर महत्वाकांशी योजना है इसे नेचुरलवे मे डवलप किया जाये इसका उद्देश्य वर्षा के जल को संचय कर ग्राउन्ड वाटर को ऊपर उठाना है। आयुक्त ने बैठक मे विद्युत, नि:शुल्क बोरिंग योजना, लोक निर्माण विभाग, सेतू निर्माण, पशु पालन, स्वास्थ्य, पेयजल, सामूहिक विवाह योजना, छात्रवृत्ति, एमएसडीपी, कन्या सुमंगला, पोषण अभियान, दुग्ध समिति, समाजिक वानिकी, कौशल विकास, स्वरोजगार योजना आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने नि:शुल्क बोरिंग योजना का स्थलीय निरीक्षण करने तथा विद्युत विभाग के झटपट पोर्टल पर आये आवेदनो का समय से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। हैल्थ वैलनेस सेन्टर की मोनीटरिंग करने तथा मुख्य विकास अधिकारियो को वहां की विजिट करने के निर्देश दिये और कहा कि एक ऐसा सिस्टम डवलप करें कि वहां नियमित एक्टिविटी हो। दवाओ की उपलब्धता की मण्डलीय समीक्षा करते हुए आयुक्त ने सभी दवाई स्टोरो का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। संस्थागत प्रसव के आंकडे गलत होने पर आयुक्त ने आकंडे ठीक प्रकार से रखने के निर्देश दिये। ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत मण्डल के सबसे खराब स्कूलो एवं आंगनवाडी केन्द्रो का डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है। राष्ट्रीय आजिविका मिशन के अन्तर्गत मुरादाबाद की स्थिति खराब होने पर मुख्य विकास अधिकारियो को कार्य प्रगति मे सुधार लाने के निर्देश दिये है। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री शैलेन्द कुमार सिंह, जिलाधिकारी अमरोहा श्री बी0के0 त्रिपाठी, जिलाधिकारी सम्भल श्री मनीष बंसल, अपर आयुक्त प्रशासन श्री बी0 विकास आयुक्त श्रीकृष्ण पाण्डेय सहित सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ए0डी0 हेल्थ, संयुक्त निदेशक कृषि, डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ के प्रतिनीधि सहित एस0ई0 सिंचाई, उप निदेशक समाज कल्याण सहित पूर्ति, प्रोबेशन, शिक्षा, उद्यान, प्रोबेशन, ग्रामीण अभियन्त्रण, पंचायतीराज, पशुपालन आदि विभागों के मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पॉलीटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा

मुरादाबाद-क्षेत्र में बिजली संकट और विद्युत कर्मियों के भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने मेरठ महापंचायत के दौरान मोर्चा खोल दिया। जुलूस निकाल कर पश्चिमांचल विद्युत वितरण के एमडी का घेराव कर लिया। सोमवार को मेरठ में भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत में क्षेत्र के दर्जनों किसान महापंचायत में भाग लेने पहुंचे। महापंचायत में बिजली संकट से खेतों की सिंचाई न हो पाने, छापेमारी के दौरान अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाते हुए विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष गौरव टिकैत के नेतृत्व व जिला महासचिव घनेंद्र शर्मा की देखरेख में किसानों ने जुलूस निकालकर एमडी का घेराव कर लिया। किसानों ने आरोप लगाया कि छापा मारने के नाम पर डरा धमकाकर लोगों से अवैध वसूली की जाती है। जर्जर बिजली के तार लगातार टूटकर गिरते रहते हैं। सुरजन नगर, शरीफनगर के किसान बिजली संकट से बेहद दुखी हैं। विद्युत लाइन बदलने का प्रस्ताव तहसील मुख्यालय से भेजा जा चुका है लेकिन इसे पेंडिंग डाल दिया गया है। चेतावनी दी कि विद्युत संकट से छुटकारा ना मिला तो आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में हरी राज, राजेंद्र सिंह, अयूब अली, गजेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह आदि मौजूद थे।

# भाकियू ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला



मुरादाबाद-क्षेत्र में बिजली संकट और विद्युत कर्मियों के भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने मेरठ महापंचायत के दौरान मोर्चा खोल दिया। जुलूस निकाल कर पश्चिमांचल विद्युत वितरण के एमडी का घेराव कर लिया। सोमवार को मेरठ में भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत में क्षेत्र के दर्जनों किसान महापंचायत में भाग लेने पहुंचे। महापंचायत में बिजली संकट से खेतों की सिंचाई न हो पाने, छापेमारी के दौरान अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाते हुए विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष गौरव टिकैत के नेतृत्व व जिला महासचिव घनेंद्र शर्मा की देखरेख में किसानों ने जुलूस निकालकर एमडी का घेराव कर लिया। किसानों ने आरोप लगाया कि छापा मारने के नाम पर डरा धमकाकर लोगों से अवैध वसूली की जाती है। जर्जर बिजली के तार लगातार टूटकर गिरते रहते हैं। सुरजन नगर, शरीफनगर के किसान बिजली संकट से बेहद दुखी हैं। विद्युत लाइन बदलने का प्रस्ताव तहसील मुख्यालय से भेजा जा चुका है लेकिन इसे पेंडिंग डाल दिया गया है। चेतावनी दी कि विद्युत संकट से छुटकारा ना मिला तो आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में हरी राज, राजेंद्र सिंह, अयूब अली, गजेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह आदि मौजूद थे।

ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Every accident a disaster

We cannot evaluate the traffic system of Himachal without thinking about when the road will reach the death knell or when the vehicles become the means of cremation. Suddenly two days ago a bike lands in a ditch in front of the Kangra bypass and both the riders are absorbed in the lap of death. Similarly, in Ramshahr, the couple leaves on their last journey on a two-wheeler. Youth going to ITI in Ghumarwin or tourist crossing Sarchu are not in this world today because of their two wheelers. Every year twelve hundred people in the state are dying on the road due to some pretext, negligence, speed or road, but we are not able to understand by looking at just one incident that it is also the result of Himachal's traffic system. So it is. If the victims are victims of a tragic incident on registered vehicles or in spite of a valid driving license, then it has to be assumed that there is no improvement in the situation. Whether it is the department looking for black spots or applying crash barriers, every time ribs are broken, crippled or people die without taking care of the wound. Cars and roads are motivating speed, but the traffic system is not teaching proper driving. Surprisingly, 15 percent of the people in Himachal are dying due to the collision of vehicles on foot. Are our roads not even fit for a pedestrian to walk comfortably? To the extent that the square-intersections of the entire state remain lethal, but they are neither expanding nor are they being equipped with operational facilities according to the traffic. Disregard of the traffic rules on the roads has now become the traffic system of Himachal, yet it has to be seen that why there is annoyance in driving due to roads.““ On a narrow road without any organized bus stops, brakes applied here and there, traffic passing through main markets, building material piling up on the road, encroachment-shrinking roads and impatient drivers, traffic safety is now the biggest question. needed. Especially if the youth or two wheeler drivers are not kept close, then even the straight roads will become slaves of the crooked traffic. There is a wonderful competition between the commercial, public and private vehicles of the state, so the lifestyle which either wants infrastructural improvement or is crying for changing the mode of transport is to be understood. We want to reach Shimla by non-stop bus on the same road on which apples, bars or cement are transported. Neither the department distributing the route permit knows how much sadness there is in the hours of reaching the destination nor is the public coming to know what is the reason behind road accidents. Everyone wants to run away from the narrow alley. Everyone wants to follow the traffic rules and move ahead. Everyone is a match, the public is a spectator of accidents and the public representatives are fond of the length of the roads. The way the police drive vehicles in VIP duty, the same routine is followed every kilometer of the road every day, then many careless drivers will be saved or many drivers will be saved in the culture of traffic rules, otherwise the present roads of Himachal are in weakness of their ability. In the race for long buses, Volvo buses, taxis, private buses, or especially two-wheelers will continue to be stigmatized.

# Mouni Roy was seen enjoying the pleasant weather, won the hearts of the fans with her killer style

Television's famous actress Mouni Roy is in a lot of discussion among people about her acting as well as her beauty. One of the beautiful actresses of the TV world, Mouni Roy has made a different identity in the industry. After the small screen, now she has also stepped into Bollywood. She stays connected with fans through social media every day and often shares her pictures and videos with them. In this sequence, recently the actress has shared some of her latest pictures on her social media account. In these pictures shared on her official Instagram account, Mouni Roy is seen enjoying the pleasant weather. Along with this, she was also seen clicking pictures in different poses. As soon as these pictures surfaced on the internet, it is becoming increasingly viral on social media, which is being liked by her fans. Looking beautiful. At the same time, she is making fans crazy with her killer looks in these pictures in open and dark glasses. This style of the actress is winning the hearts of her fans. TV actress Mouni Roy often shares her bold pictures and videos with fans on social media. His fans eagerly wait for these pictures and videos of him. Even on these recently shared pictures, his fans are showering a lot of love. Along with this, they are giving their feedback by commenting on this post. Mouni Roy, who has appeared in many television serials, made a household name with 'Devon Ke Dev Mahadev'. At the same time, if we talk about films, then the actress has appeared in Akshay Kumar's film 'Gold' and film 'Made in China' with Rajkumar Rao. The actress will now soon be seen in the film 'Brahmastra', in which Ranbir Kapoor and Alia Bhatt are in the lead roles.



# Shivangi Joshi will not be a wild card entry in Khatron Ke Khiladi 12? The actress gave this gesture

Shivangi Joshi is a popular TV actress. These days he is in Cape Town. Shivangi Joshi, who played the role of Naira in Yeh Rishta Kya Kehlata Hai, will soon be seen in Khatron Ke Khiladi 12. The shooting of this show is going on in Cape Town, but recently it was reported that Shivangi is the first contestant who has been shown the way out of Rohit Shetty's show. Shivangi Joshi had not yet given any kind of reaction to this news, but now her latest social media post is believed to be related to this. Shivangi Joshi shared new pictures“Shivangi Joshi has shared some of her pictures on her Instagram account. In these pictures, Shivangi Joshi is seen in a workout outfit. Sharing these pictures, the actress wrote in the caption, 'Worry less, smile more, don't regret.. just learn and move on.' People are seeing this post of Shivangi Joshi by connecting it to his elimination. One person has commented, 'Shivangi aap troubled na ho... the winner of defeat is called a juggler.' At the same time, a user has written, 'Won't you get a wild card entry?'



# गांजा तस्करी करते एक आरोपी गिरफ्तार, जी पीएम पुलिस की कार्यवाही



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

आरोपी से 07 किलोग्राम गांजा रूद्र×द्ध माल वाहक आटो एवं 01 नग आईटेल कंपनी का एंड्राईड टच फोन जब्त जुमला रकम 8,73,000 रू/- थाना गौरेला जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही छ.ग. अपराध क्रमांक- 271/2022 धारा:- 20 ( बी ) ह्यह्नक्क नाम आरोपी - 1. कुर्बान अली पिता बहार अली उम्र 18 वर्ष निवासी मासूमगली, वेंकटनगर रोड, थाना गौरेला, जिला गौ0पे0म0, छ0ग0 पुलिस अधीक्षक गौरेला- पेण्ड्रा- मरवाही श्री त्रिलोक बंसल द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के लिए जिले में अभियान चलाकर मादक पदार्थ खरीदी बिक्री करने वाले लोगों के सम्बंध में सूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जिला पुलिस को दिशा निर्देश दिया गया हैं, तथा कार्यवाही हेतु टीम गठित कर सूचना संकलन किया जा रहा है, दौरान पतासाजी के टीम को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति बेक्सी माल ढोने वाले आटो नीले रंग का क्रमांक छ्व10८ङ्ग 0286 में अवैध रूप से गांजा परिवहन कर नया बस स्टेंड गौरेला की तरफ आ रहा है सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाड़ेगांवकर के नेतृत्व में गौरेला थाना एवं साईबर सेल के स्टाफ का टीम तैयार कर कार्यवाही करने का निर्देश दिये, टीम द्वारा वेंकटनगर रोड नया बस स्टेंड गौरेला के पास पहुंचकर घेरा बंदी कर पकडा गया एनडीपीएस एक्ट के सभी प्रावधानों का पालन करते हुए घेराबंदी किया जो वेंकटनगर की ओर से आ रही वाहन मेंक्सी माल ढोने वाला आटो क्रमांक छ्व10८ङ्ग 0286 को रूकवा कर उसमें बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम कुर्बान अली पिता बहार अली उम्र 18 वर्ष साकिन मासूम गली गौरेला थाना गौरेला की विधिवत् तलाशी ली गई जिनसे विधिवत् पुछताछ करने पर MEXI माल वाहक गाड़ी क्रमांक छ्व 10८ङ्ग 0286 एवं उसमें ड्राइवर सीट के नीचे प्लास्टिक के बोरी में खाकी रंग के टेप से लपेटा हुआ 7 नग पैके वजन करीब 7 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती करीब 70,000 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 20 ( बी ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जिन्हें रिमाण्ड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक कमलेश कुमार शेंडे थाना गौरेला, साईबर सेल के सउनि दुर्गेश राठौर, आरक्षक क्र0 112 राजेश शर्मा, आरक्षक 182 चौपाल कश्यप, थाना गौरेला के आरक्षक क्र0 34 राम कृष्ण मिश्रा, आरक्षक क्र0 53 मोहन श्याम, आरक्षक 114 सन्नी कोसले, आरक्षक 102 विजय पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही पुलिस ने सड़क दुर्घटना रोकने हेतु गाय को रेडियम बेल्ट पहनाया

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में पुलिस अधीक्षक *श्री त्रिलोक बंसल* के निर्देशन में वाहन दुर्घटनाओं को रोकने हेतु लगातार प्रयास कर रही है, चूकि वर्तमान बारिश के मौसम में अधिकांशत: गाये रोड पर बैठी रहती हैं, जिससे रात्रि में विजिबिलिटी कम होने से एक्सीडेंट की संभावना बढ़ जाती है, जिससे वाहन चालक एवं गोवंश दोनों को खतरा बना रहता है, जिसे रोकने के लिए आज जिला पुलिस गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं एसडीओपी श्री अशोक वाटेगावकर के मार्गदर्शन में, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के सहयोग से गायों को रेडियम बेल्ट पहना कर वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक सार्थक पहल की गई आगे भी इस प्रकार के कार्य सड़क दुर्घटना रोकने के लिए किए जाते रहेंगे।

# कलेक्टर ने की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिला पंचायत डीआरडीए के मां नर्मदा सभाकक्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ( एनआरएलएम ) सहित अन्य आजीविका मूलक गतिविधियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने एनआरएलएम के मूल उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि समूह बैठक के दौरान सभी सदस्यों को इसके संबंध में विशेष जानकारी दी जाय। जिले को आवंटित समूह गठन, ग्राम संगठन, क्लस्टर स्तरीय संगठन गठन का लक्ष्य पूर्ण करने एवं बैंक लिंकेज एवं चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश निधि आदि समय सीमा में समूहों को उपलब्ध कराने एवं विकासखण्ड स्टाफ द्वारा निरंतर इसकी समीक्षा करने हेतु कहा। बैंको द्वारा सीबीआरएम कमेटी की बैठक तिथि अनुसार करने एवं जो स्वसहायता समूह एनपीए की श्रेणी में आ रहे हैं, उनका ऋण बैंको में जमा कर एनपीए की श्रेणी से बाहर करने हेतु कहा गया, साथ ही निर्धारित समय सीमा में समूहों, ग्राम संगठनों के खाते बैंक में खोलने हेतु कहा गया। इसी तारतम्य में समूहों की आजीविका गतिविधियों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन की मंशानुसार कार्य करने के लिए समूह की प्रत्येक महिला कम से कम 6000



रूपए मासिक आय कर रही हो, समूह की लगभग सभी महिलाऐं आजीविका गतिविधियों से जुड़ी हो इस उद्देश्य से कार्य करने कहा। कलेक्टर ने जिले में संचालित समस्त आदिवासी आश्रम, छात्रावासों, प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ियों में समूहों द्वारा उत्पादित एवं निर्मित सामग्री आपूर्ति हेतु शतप्रतिशत समूहों की टैगिंग के लिए कहा गया, साथ ही समूहों द्वारा सप्लाई की जा रही सामग्री एवं समूहों को हो रही आय के संबंध में निरंतर मॉनीटरिंग करने कहा गया। पेण्ड्रा विकासखण्ड में संचालित संवहनीय कृषि परियोजना सीएमस की समीक्षा में निर्देशित किया गया कि जैविक खेती को बढावा दिया जाय एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शतप्रतिशत महिला किसानों का चयन एक सप्ताह के अंदर कर उन्हे लाभ दिया जाय। इसी वित्तीय वर्ष से पेण्ड्रा के 21 एवं गौरेला के 40 नवीन ग्रामों का चयन किया, इस संबंध में 3 दिवस में परियोजना की गतिविधियाँ संचालित करने हेतु संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक श्री आर के खुटे ने कहा कि संकुलों के लिए यह अच्छा अवसर है, कि शासन द्वारा वृक्षारोपण का कार्य समूह संकुलों से कराया जायेगा। गोधन न्याय योजना अंतर्गत निर्देशित किया गया कि गौठानों में संलग्न समूहों द्वारा अधिक से अधिक आजीविका गतिविधियों को संचालित किया जाए ताकि शासन की गौधन न्याय योजना का उद्देश्य सफल हो सके। बैठक के दौरान निर्देशित किया गया कि जिले को निर्धारित लक्ष्य का प्रथम त्रैमास अनुसार प्रगति 7 दिवस के अंदर पूर्ण हो एवं जिला मिशन प्रबंधक एनआरएलएम और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों जनपद पंचायत को स्टाफ के कार्यो का समीक्षा करने के साथ-साथ प्रति सप्ताह जनपद स्तर पर समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला एवं विकासखण्ड के समस्त स्टाफ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गौरेला, पेण्ड्रा एवं मरवाही, जिला मिशन प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एसएमआईबी एवं वित्तीय समावेशन, जिला विकास विस्तार अधिकारी, सहायका विकास विस्तार अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं एनआरएलएम कैडर में प्रोफेशनल रिसोर्स पर्सन, वित्तीय साक्षरता समुदायिक पर्सन, रिसोर्स बुक कीपर उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-
एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991
निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371
सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527
ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का दिया जा रहा प्रशिक्षण.बच्चों के अधिकार की रक्षा हेतु किया जा रहा जागरूक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रबेस सिंह सिसोदिया के मार्ग दर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग यूनिसेफ, चाईल्ड लाईन द्वारा पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति को सक्रिय करने के उद्देश्य से पंचायतो में सेन्टर स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण में जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति के संबंध में सभी को बताया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है, जिसमें सरपंच अध्यक्ष और सचिव ग्राम पंचायत के सचिव व सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इसके सदस्य है। कार्यक्रम में बताया गया कि पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का काम गांव में बच्चों को शोषण मुक्त करना, गांव को बाल विवाह मुक्त कराना, गांव में बालश्रम को रोकना, सभी बच्चों को स्कूल भेजना, गांव में कन्या भ्रुण हत्या को रोकने हेतु सभी को जागरुक करने की जिम्मेदारी है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने यही भी बताया कि छ.ग. शासन द्वारा जिले में प्रवर्तकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में परिवार वार्षिक आय 24000 (चौबीस हजार) रुपये एवं शहरी क्षेत्र में परिवार का वार्षिक आय 33000 होना चाहिए। यदि इतने आय से कम आम वाले परिवार को प्रवर्तकता कार्यक्रम के तहत पढ़ाई के लिए शासन की ओर से 2000 (दो हजार) प्रतिमाह दिया जायेगा। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, जिला बाल संरक्षण इकाई से अमित कुमार भारिया, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अंजनी साहू, आउटरिच वर्कर पवन धीवर, हर गोविन्द चक्रधारी, चाईल्ड लाईन से कार्तिक मजूमदार, रमेश साहू, सभी पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित सूरजपुर के बोर्ड का निर्वाचन सम्पन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित सूरजपुर के बोर्ड के निर्वाचन हेतु नियुक्त रिटर्निंग अधिकारी श्री तैरस टोप्पो सहकारी निरीक्षक द्वारा सम्पन्न कराया गया। जारी कार्यक्रम अनुसार 19 जून 2022 को आमसभा में समस्त सदस्यों द्वारा 10 संचालक सदस्यों का मतदान द्वारा चुनाव किया गया एवं 26 जून 2022 को संचालक मण्डल के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। अध्यक्ष पद के लिये श्री चंद्रभान सिंह, उपाध्यक्ष पद के लिये श्रीमती सुमित्रा सिंह एवं छ.ग. राज्य संघ प्रतिनिधि के लिए श्री भवल साथ, सहकारी संघ प्रतिनिधि के लिए श्री बंधु राम का निर्विरोध चयन किया गया तथा इसके सदस्य श्री बंधुराम, श्री अर्जुन सिंह, श्री भवल साय, श्री धन सिंह, श्री अवध कुमार सिंह, श्री कृष्णा सिंह, श्री राम अवतार एवं श्रीमती रैमुनिया है। तत्पश्चात् रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण-पत्र दिया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों को प्रबंध संचालक श्री संजय कुमार यादव, उप प्रबंधक संचालक श्री बी.पी. श्रीवास्तव एवं कार्यालयीन स्टॉफ श्री समर विजय, लेखापाल श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा, डा.ए.ओं द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# चौकी रेवटी पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार


रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दिनांक 25.06.2022 को ग्राम गोविन्दपुर निवासी रामप्रसाद सिंह ने चौकी रेवटी में सूचना दिया कि गांव की फुलकुंवर अपने घर में 2-3 दिन से पड़ी हुई है घर के बाहर तेज बदबू आ रही है उसकी मृत्यु हो गई है कि सूचना पर चौकी रेवटी पुलिस ने मर्ग कायम कर फौरन मौके पर पहुंची। शव पंचनामा के दौरान मृतिका के सिर व शरीर के अन्य जगहों पर चोट के निशान दिखाई दिया, पंचनामा कार्यवाही के बाद शव का पीएम कराया गया। डॉक्टर के द्वारा शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यु हत्यात्मक प्रकृत्ति का होना लेख किये जाने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्व अपराध क्रमांक 98/22 धारा 302, 201 भादसं का मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने चौकी प्रभारी रेवटी को मामले की बारीकी से सभी बिन्दुओं पर जांच करते हुए आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में चौकी लटोरी पुलिस ने विवेचना के दौरान मृतिका की पुत्री व गवाहों से पूछताछ करने पर जानकारी मिला कि मृतिका का संजय एवं सतीश के साथ अक्सर वाद विवाद होते रहता था। संदेह के आधार पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर आरोपी संजय ने बताया कि 13 जून को मृतिका घर के बाहर थी इसी दौरान वाद-विवाद होने पर मृतिका के पैर में मारकर चोट पहुंचाया था जिसके कारण मृतिका आरोपी पर ईलाज कराने तथा ईलाज नहीं कराने पर अनाचार के झूठे केश में फंसाने की धमकी दी थी, आरोपी धमकी से डरा हुआ था और फुलकुंवर को रास्ते से हटाने के लिए योजना बनाया और 22 जून के रात्रि में अपने लड़के सतीश के साथ उसके घर जाकर मृतिका के सिर में डण्डा से प्रकार किया, लड़का सतीश मृतिका का गला दबा दिया जिस कारण मृतिका की मृत्यु हो गई। हत्या का साक्ष्य छुपाने के उद्धेश्य से आरोपी संजय अपने लड़के को दरवाजा से बाहर निकालकर, घर का दरवाजा अंदर से बंद कर छानी

तथा दिवाल के बीच खुले जगह से निकलकर भाग गया ताकि लोगों को गुमराह कर सकें। आरोपी संजय के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा जप्त कर आरोपी संजय कुमार पिता देवीदयाल उम्र 52 वर्ष एवं सतीश कुमार पिता संजय कुमार उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम गोविन्दपुर, चौकी रेवटी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी रेवटी सुनील सिंह, प्रधान आरक्षक ज्योतिष पटेल, आरक्षक शैलेन्द्र सिंह व सैनिक प्रेमलाल सक्रिय रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से बिहारपुर के ग्राम पंचायत सपहा में तीन मवेशी की मौत



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ में बारिश का दौर शुरू हो गया है। इसके साथ ही बिजली गिरने की घटनाए भी सामने आ रही हैं। सोमवार को सुरजपुर जिले के बिहारपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सपहा में आकाशीय बिजली गिरने से 3 मवेशी की मौत हो गई जबकि क्षेत्र में अकाशी बिजली गिरने की सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा वही इस महीने में देखा जाए तो एक गर्भवती महिला सहित आधा दर्जन मवेशियों की अब तक मौत हो चुकी है। घटना इस में संतलाल सिंह, नरेंद्र सिंह व सोभन सिंह मवेशी की घटनास्थल पर ही मौत हो गया।जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में सोमवार को अचानक मौसम बदल गया और जोरदार बारिश शुरू हो गई। इस दौरान आसमान से गिरी बिजली की चपेट में आने से तीन मवेशी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही गांवँ ग्रामीण इकट्ठा हो गए, वहीं इसकी जानकारी पशु विभाग के डॉक्टर को दे दिया गया है डॉक्टर द्वारा मवेशियों का परीक्षण कर कागजी कार्यवाही कर दिया गया है

## चांदनी बिहार पुर क्षेत्र के खैरा सरपंच पद के लिए उपचुनाव आज

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-सूरजपुर जिले के चांदनी बिहार पुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत खसरा में सरपंच के मौत के बाद उपचुनाव कल 28 जून 2022 को होने जा रहा है ग्राम पंचायत खैरा के 1 सरपंच पद हेतु 4 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है जिसके लिए 2 मतदान केन्द्र क्रमशः प्रा.शा. भवन मोखा

# सीख मित्रों को ब्लाक स्तर पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- जिला प्रशासन, यूनिसेफ और समर्थ चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा संयुक्त रूप से जिले में प्राथमिक स्कूल स्तर के बच्चों के सीखने की क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से सीख कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए सीख मित्रों को ब्लाक स्तर पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीख कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 166 ग्राम पंचायतों के 222 गांवों में 700 सीख मित्रों द्वारा स्कूल शुरू होने के पहले और बाद में सामुदायिक भवनों, इच्छुक ग्रामीणों और अभिभावकों के घरों में खाली कमरों-परछी में सीख केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। जिससे बच्चों को घरों और समुदाय के वातावरण में सीखाया जा रहा है। जिला सीनियर सीख समन्वयक सुश्री सरस्वती यादव ने बताया कि सीख कार्यक्रम के तहत गौरेला पेंड्रा और मरवाही के विकासखंड शिक्षा



अधिकारी द्वारा ब्लाक स्तर पर मास्टर ट्रेनरों का चयन कर सीख मित्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके तहत मौखिक भाषा शिक्षण, गणित शिक्षण - 2, विज्ञान एवं पर्यावरण विषय के साथ ही सीख केंद्रों में पंचायत और समुदाय की सहभागिता बढ़ाने के लिए जिले के 700 सीख मित्रों को 27 बैच में बांट कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए विकासखंड स्तर पर मास्टर ट्रेनर श्री विपिन कुमार अग्रहरी, श्री सर्वेश नामदेव, श्री मनोज कश्यप, श्री कन्हैया लाल सोनवानी, श्री राकेश चौधरी, श्री बलराम वासुदेव, श्री राजकुमार साहु, श्री योगेश राजपूत, श्री राजकुमार पटेल, श्रीमती गुलाब द्विवेदी, श्री मोतीलाल राठौर, श्री सुनील दत्त राय, श्री जगदीश आदिले, श्री भीष्म त्रिपाठी, श्री शिवकुमार मिश्रा, श्री दिनेश चंद्रा, श्री उमेश मार्को, श्री जयकुमार त्रिपाठी, श्री कमल किसोर देवांगन, श्री पंचराम केंवट, श्री अंकुश जायसवाल, श्री सूरज राय और जिला सीनियर सीख समन्वयक सुश्री सरस्वती यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट तथा विद्युत अधिनियम के मालों का किया गया निस्तारण




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शासन की मंशानुरूप माल निस्तारण के अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा आईपीसी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट तथा विद्युत अधिनियम के मालों का किया गया निस्तारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा तथा अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) श्रीमती स्नेहलता के निकट पर्यवेक्षण में जनपद एटा में अपर मुख्य सचिव गृह (पुलिस) अनुभाग-13 के पत्र संख्या- 462(1)/6- पु-13-2022 दिनांक 01.04.2022 के क्रम में चलाये जा रहे माल निस्तारण के अभियान के तहत आज दिनांक 27.06.2022 को अपर उप जिला मजिस्ट्रेट श्री वेद प्रिय आर्य की अध्यक्षता एवं अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिह, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी श्री राजेश कुमार एवं प्रतिसार निरीक्षक एटा श्री हरपाल सिह की उपस्थिति में सदर/जजी मालखाने के आईपीसी/ए0एक्ट/एनडीपीएस एक्ट एवं विधुत अधिनियम के अभियोगों से सम्वन्धित लम्वित 558 मालों का विधिक निस्तारण कराया गया।

# डीजे पर पसंद का गाना बजाने को लेकर भिड़े बाराती-घराती, दूल्हे को बनाया बंधक

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा के शादी समारोह में बारात में मोबाइल डीजे पर गाना बजाने को लेकर बाराती-घराती आपस में भिड़ गए। बारातियों ने दुल्हन के भाई सहित छह घरातियों को जमकर पीटा। इसमें बाराती भी लहूलुहान हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाराती रात में ही भाग गए। दूल्हे को घरातियों ने रोक लिया। पूरा मामला थाना एटा में मिरहची के गांव ख्वाजगीपुर का है। रविवार को जिला हाथरस थाना सिकंदराराऊ के मिलौनी किशनपुर से दूल्हा आकाश पुत्र रामवीर बारात लेकर थाना मिरहची के गांव ख्वाजगीपुर पहुंचे थे। योगेश के बहन की शादी थी। बारात बड़े ही धूमधाम से दरवाजे पर पहुंची। नाचते हुए बाराती डीजे पर पहुंचे। पसंद का गाना बजवाने की कहने लगे। डीजे पर कुछ घराती भी पहुंच गए। बारातियों-घरातियों में डीजे पर मनपसंद का गाना बजवाने को लेकर विवाद हो गया। एकत्रित लोगों ने विवाद शांत करा दिया था। कुछ देर फिर से मनपसंद गाना बजवाने को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बराती पक्ष के लोगों ने लड़की पक्षों के लोगों पर लाठी-डंडे से पीटना शुरू कर दिया। हमले में दुल्हन का भाई योगेश, सत्यवीर सिंह, पवन कुमार, विपिन, मनोज, मनवीर



निवासी नगला कटील थाना हसायन हाथरस, अशोक, अजब सिंह निवासी लोहा बादशाहपुर थाना बागवाला घायल हो गए। मनोज और एक अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है इन्हें आगरा रेफर किया गया है। घटना के बाद बाराती रात में ही भाग गए। एक बाराती को घरातियों ने पकड़ लिया इसके साथ ही विदा भी नहीं होने दी। एसएचओ छत्रपाल सिंह ने बताया कि गांव ख्वाजगीपुर में हुए विवाद लगभग आधा दर्जन घराती घायल हैं। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी

## लड़ाई के बाद नहीं हो सकी दुल्हन की विदाई

गांव ख्वाजगीपुर में देर शाम अनीता की बरात आई थी। कुछ शराबी युवकों ने मोबाइल डीजे पर गाने को लेकर लड़की पक्ष के लोगों को घायल कर दिया। उसके बाद सभी लोग घायलों को उपचार कराने में लगे रहे। शादी की कोई भी रस्म पूरी नहीं हुई। सोमवार की देर शाम तक दुल्हन दूल्हा विदा नहीं हो सके है।

## 25 आरोपियों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

दुल्हन के चचेरे भाई सतीश कुमार ने अजब सिंह, कमलेन्द्र निवासी लोहा बादशाहपुर थाना बागवाला 25 अज्ञात बारातियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।


आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें- 9027776991

# यूपी में गरीबों को मिलने वाले मकानों में होंगी सारी सुविधाएं, योगी सरकार का निर्देश



शहरों में गरीबों के लिए मकान बनाने में अब मनमानी नहीं चलेगी। ईडब्ल्यूएस या फिर प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान बनाने वालों को सभी जरूरी सुविधाएं देनी होंगी। प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने बीते दिनों विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर शहरों में बनाए जा रहे छोटे मकानों खासकर प्रधानमंत्री योजना में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इसमें विकास प्राधिकरण व आवास विकास परिषद द्वारा बनाई जाने वाली ऐसी कालोनियों के बारे में जरूरी निर्देश दिए। प्रमुख सचिव आवास ने कहा है कि सरकारी कालोनियों में मुख्य मार्ग से योजना परिसर को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग लोक निर्माण विभाग बनवाएगा। योजना परिसर से नगर के मुख्य नाले तक जोड़ने वाली ट्रंक ड्रेन, ट्रंक सीवर, ओवरहेड टैंक, नलकूप, राईजिंग मेन, पंपिंग प्लांट और पंप हाउस नगर विकास विभाग तैयार कराएगा। बाहरी विद्युतीकरण का काम ऊर्जा विभाग कराएगा। आवास विभाग ने विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि वे ऐसी कालोनियों की सूची तैयार करते हुए 15 दिन के अंदर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध करा दें। इसके आधार पर आवास विभाग संबंधित विभागों को इसकी जानकारी एक माह में देगा। इस संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जल्द ही सभी विभागों की बैठक कराई जाएगी।

# अमेठी - रिश्वत लेने के आरोप में गौरीगंज का एक और लेखपाल सस्पेंड, महकमे में मचा हड़कंप



अमेठी में गौरीगंज तहसील में कार्यवाही का सिलसिला लगातार जारी है। रिश्वत लेने के आरोप में डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने एक और लेखपाल को निलंबित कर दिया है। हफ्ते भर के भीतर हुई निलंबन की दूसरी कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मचा है भ्रष्टाचार को लेकर डीएम राकेश कुमार मिश्र ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रखी है। अभी 3 दिन पहले ही गौरीगंज तहसील में ही तैनात हरदो के लेखपाल सुकरू राम को गलत रिपोर्ट देने पर डीएम के निर्देश पर निलंबित किया गया था। इसके बाद लेखपाल राकेश कुमार मिश्र को भी निलंबित कर दिया गया है। शिकायती पत्र में असुरा निवासी सत्यनारायण ने आरोप लगाया था कि लेखपाल राकेश कुमार ने उनसे आवास के लिए 15 हजार रुपए की मांग की थी। 1000 रूपये उनके द्वारा दिए गए थे। डीएम ने मामले की जांच तहसीलदार से कराई तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद डीएम के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम राकेश कुमार ने लेखपाल को सस्पेंड कर दिया है। गौरीगंज तहसील में पिछले तीन माह में चार लेखपाल सस्पेंड हो चुके हैं। इसके पहले सकरावा में तैनात एक लेखपाल और जामो में तैनात एक लेखपाल को गलत रिपोर्ट लगाने पर सस्पेंड किया गया था।

# मेडिकल कॉलेज की लापरवाही के चलते आग की जलन से तड़प रहा वृद्ध

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- मेडिकल कॉलेज की लापरवाही के चलते आग की जलन से तड़प रहा वृद्ध आग से जलने वाले वृद्ध को मेडिकल कॉलेज में नही मिल रहा उपचार आग की जलन बुझाने को वृद्ध को मेडिकल कॉलेज की नाली का लेना पड़ रहा सहारा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक व कर्मचारियों की निगाहों के सामने नाली में पड़ा रहा वृद्ध खाना बनाते समय गुरुवार को जल गया था वृद्ध जैथरा कोतवाली के गौशालपूरा का निवासी हैं वृद्ध राम जी लाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने के बाबजूद भी नही मिल रहा पीड़ित वृद्ध को उपचार मेडिकल कॉलेज के वार्ड से पीट कर बाहर निकालने का वृद्ध ने लगाया आरोप मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने के बाबजूद खाना न मिलने के कारण भूख से तड़पने का भी लगाया पीड़ित ने आरोप*

# केंद्र सरकार द्वारा अग्नीपथ योजना के खिलाफ एटा शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से एक दिन का सत्याग्रह किया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




एटा- कांग्रेश के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आज एटा जिला मुख्यालय की तहसील एटा सदर पर केंद्र सरकार द्वारा अग्नीपथ योजना के खिलाफ एटा शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से एक दिन का सत्याग्रह किया गया सत्याग्रह को संबोधित करते हुए एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा की अग्नीपथ योजना के तहत नौकरी करने वाले युवा 4 वर्ष बाद वापस आकर अपने घर बैठ जाएंगे क्योंकि उसके बाद यह तय नहीं है कि उनको किसी अन्य जगह नौकरी मिलेगी इससे युवाओं का भविष्य बर्बाद हो जाएगा इस योजना को लेकर युवाओं में गुस्सा बड़ा हुआ है यह योजना युवाओं के हित पर कुठाराघात है सरकार को इस योजना के बारे में फिर से सोचना चाहिए और वापस लेना चाहिए पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर अनिल सोलंकी ने कहा भारतीय जनता पार्टी के नेता चाहते हैं 4 साल के बाद सैनिक रिटायर होने के बाद उनके कार्यालय पर चौकीदारी करें युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष आदर्श मिश्रा ने कहा केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार के नाम पर धोखा दे रही है सत्याग्रह में जलेसर के पूर्व ब्लाक प्रमुख गीतम सिंह राजपूत महरेरा विधानसभा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तारा राजपूत जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष दिनेश यादव वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुणेश गुप्ता युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राहुल कृष्णा एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष रजत यादव युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष आशू यादव महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सरिता अंबेडकर अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष चंदन कांत गांधी अल्पसंख्यक शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रियाज अब्बास महारेरा के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष महेश वशिष्ठ सकीट ब्लॉक के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र सविता शहर महासचिव फैजल हसन खान युवा नेता मोहित वशिष्ठ अरविंद कश्यप सानू हसन खान प्रमोद बंटी सिंटू कुमार सुनील राजपूत जितेंद्र कुमार शिवकुमार विशेष कुमार पप्पू चौहान जयकुमार कुलदीप सिंह सुखबीर सिंह सोनेलाल विशेष कुमार नेम सिंह राजपूत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे

# चर्चित इत्र कारोबारी पीयूष जैन जेल में बना 'डॉक्टर', कैदियों के साथ उनके परिजनों के लिए भी लिख रहा दवा



कानपुर। 197 करोड़ की बरामदगी में आरोपित पीयूष जैन जेल में डॉक्टर बन गया है। वह बंदियों को होम्योपैथी का इलाज दे रहा है। जिस बंदी को तकलीफ होती है वह उससे इलाज कराने के साथ दवा लिखवाता है। जेल सूत्रों के मुताबिक पीयूष जैन की होम्योपैथी में इतनी अच्छी पकड़ है कि कई बंदियों के साथ अब जेल के अफसर और कर्मचारी भी उससे दवा लिखवाने लगे हैं। जो सॉल्ट वह लिखता है अगर वह जेल में उपलब्ध नहीं है तो उसे बाहर से खरीदा जाता है। 26 दिसंबर को पीयूष जैन के पास से भारी मात्रा में नकदी और जेवरात बरामद होने के बाद उसे जेल भेजा गया था। उस दौरान पीयूष अपने साथ तीन सौ शीशी होम्योपैथी दवा लेकर गया था। जो एक अलग झोले में भरी हुईं थीं। जेल प्रशासन की चेकिंग में दवाएं उसके पास मिलीं। सारी दवा खुली शीशियों में थी, जिसे रखने की अनुमति न होने के कारण जेल प्रशासन ने सारी शीशियां जब्त कर ली थीं। जैसे जैसे दिन गुजरे, जेल में बंद बंदियों से पीयूष जैन ने बात करना शुरू की। पथरी में मिला फायदा तो चल निकली डाक्टरी = लगभग 20-25 दिन पहले एक बंदी को पथरी में दिक्कत हुई। पीयूष उस वक्त वहीं से गुजर रहा था। उसने बंदी को देखा और होम्योपैथ की कुछ दवाएं लिखकर दीं। जेल अस्पताल में होम्योपैथ की दवाएं भी मौजूद हैं। जो दवाएं लिखी गई थीं वह बंदी को दी गईं जिससे फायदा हुआ। सिर्फ सुनता है और लिखता है दवा = पीयूष अब भी बहुत कम बात करता है। कोई उसके पास दवा लिखवाने पहुंचता है तो वह सिर हिलाकर उसकी समस्या सुन लेता है।

### साहब भी लिखवाने लगे दवा

पीयूष जैन के पास इसके बाद से मरीजों की संख्या बढ़ने लगी। वर्तमान में वह प्रतिदिन 30-35 बंदियों की तकलीफ सुनने के बाद उन्हें दवाएं देता है। जेल सूत्रों के मुताबिक पीयूष जैन के पास होम्योपैथी के ऐसे- ऐसे फार्मूले हैं जो पहले कभी सुने नहीं गए। वह जो सॉल्ट लिखता है, वह भी अच्छी होम्योपैथ दुकानों में ही उपलब्ध हैं। बंदी अब उससे अपने परिवार के लिए भी दवाएं लिखवाते हैं। जेल अधीक्षक आरके जायसवाली के अनुसार जेल के कई लोगों से मुझे भी इसकी जानकारी मिली है कि पीयूष जैन होम्योपैथ का अच्छा जानकार है। उससे पूछा गया तो उसने बताया कि विदेश के किसी कॉलेज से होम्योपैथ में डिस्टेंस कोर्स किया है। बंदी उससे मदद लेते हैं। वह ज्यादा किसी से बात नहीं करता।